तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 13.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, मंगलवार 14 जनवरी 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

11 मैत्रीबाग में विलुप्तप्राय ईमू बर्ड का नहीं बढ़ रहा कुनबा



12 गलियों में दिनभर गूंजता रहा छेरिक छेरा छेर...



# फ्लावर शो प्रतियोगिता में सुंदरता व खुशबू का संगम, 500 से ज्यादा गमलों में पौधे लेकर पहुंचे प्रतिभागी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ आयोजनों से शहर को हरा-भरा रखने की जन-जागृति आती है : सांसद बघेल

जिला मुख्यालय में फ्लावर शो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न प्रजातियों के आकर्षक फूलों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। प्रतियोगिता में शहर सहित अन्य जिलों से विभिन्न प्रतिभागी शामिल हुए। निर्णायकों के निर्णय आधार पर विजेताओं के नाम की घोषणा की गई। विजेताओं को प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देकर पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न स्टॉल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने लोगों का मन मोन लिया। स्टाल में बच्चों की पेंटिंग, गोबर से बने उत्पाद, धान एवं सब्जियों के बीज़ की सौ से अधिक किस्में आकर्षण का केंद्र रहे। प्रतियोगिता में लगभग 500 से ऊपर गमले शामिल हुए।

शहर स्थित भवानी वाटिका में आयोजित दो दिवसीय फ़ूलों की प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल थे। साथ ही विधायक दीपेश साहू एवं विशिष्ट अतिथि एसपी रामकृष्ण साहू, संदीप भंडारकर अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय बेमेतरा, तोषण ठाकुर वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केंद्र ने शुभारंभ किया। द्वितीय दिवस समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक आशीष छाबड़ ▶▶|शेष पेज 11 पर

## फल, फूल व सब्जियों सहित विभिन्न प्रकार के पौधों की लगाई गई प्रदर्शनी




### विभिन्न केटेगरी में इन्होंने मारी बाजी

प्रतियोगिता में होम गार्डन श्रेणी में प्रथम स्थान सरिता अग्रवाल ने प्राप्त किया। द्वितीय शत्रुहन यदु, तृतीय अमृत कौर रहीं। टेरेस गार्डन श्रेणी में प्रथम अनीता साहू, द्वितीय निवेदिता, तृतीय कविता आढाव। किचन गार्डन में प्रथम शशि दीदी ब्रहमाकुमारी, द्वितीय रमन काबरा, तृतीय श्वेता देवांगन। बोनसाई श्रेणी में प्रथम नितिश राज सोनवानी, द्वितीय प्रवीण परघनिया, तृतीय रितिका पटेल। फूलों के पौधा में प्रथम अमन अग्रवाल, द्वितीय रिधीमा तृतीय पाखी ठाकूर एवं फल एवं सब्जियों के पौधे में प्रथम विजय मरकाम, द्वितीय राजेश शुक्ला, तृतीय रिमझिम साहू। औषधीय पौधे में प्रथम लिनीसा रात्रे, द्वितीय समाधान कॉलेज, तृतीय ललीता साहू। कैक्टस पौधे श्रेणी पर प्रथम शत्रुधन साहू, द्वितीय लोकेश्वर साहू, तृतीय रुचि मिश्रा। क्रोटन पौधे में प्रथम सीमा कुमारी, द्वितीय आरव बनाफर, तृतीय आरती साहू जलीय पौधे श्रेणी में प्रथम दुर्गेश कुशवाहा रहे । विजेताओं को प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन सुशील शर्मा ने आभार व्यक्त कर किए। कमल किशोर शर्मा ने द्वारा मंच संचालन किया गया।

## खबर संक्षेप



### शासन की योजनाओं से सुदृढ़ हो रही महिलाओं की आर्थिक स्थिति

**साजा।** पीएम स्वनिधि, डे एनयूएलएम और पी एम विश्वकर्मा योजना के हितग्राहियों को निकाय अंतर्गत स्थापित वित्तीय संस्थाएं भी भरपूर सहयोग कर रही हैं। शासन की योजनाओं और वित्तीय संस्थान के आपसी सहयोग से हितग्राहियों को समय-समय पर वृत्तीय सहयोग के साथ-साथ वित्तीय साक्षरता की प्रशिक्षण भी उपलब्ध करवाया जाता है। समय-समय पर वित्तीय फ्रॉड के विभिन्न तरीकों से अवगत करवाया जाता है। डिजिटल लेनदेन में सतर्कता रखते हुए उसका आवश्यक उपयोग किए जाने हेतु भी जागरूक किया जा रहा है। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ के नेतृत्व में चल रही सभी महत्वाकांक्षी वित्तीय गतिविधि से संबंधित योजनाओं में जुड़ने से पहले ही निकाय के हितग्राहियों को प्रचार प्रसार या वित्तीय संस्थान के माध्यम से जागरुक किया जाता है ताकि हितग्राहियों में वित्तीय फ्रॉड का भय कम हो ओर वो अपने व्यवसाय को बढ़ाने में अपना ध्यान केन्द्रित कर समृद्ध बनने का प्रयास जारी रखे । राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के माध्यम से स्व सहायता समूह में जुड़ी महिलाएं समूह कम दस्तावेजी कार्यवाही कर अब आसानी से बैंक लिंकेज प्राप्त कर अपनी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ कर रही और समृद्धि की दिशा की ओर आगे बढ़ रही है। वित्तीय संस्थान के माध्यम से केंद्र और राज्य शासन की कई महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ निकाय की महिलाएं और पुरुष बढ़ चढ़कर ले रहे जिसमें से पीएम स्वनिधि, पीएम विश्वकर्मा और डे एनयूएलएम है। व्यवसाय और आर्थिक स्थिति में सहयोग हेतु लाभान्वित हितग्राही प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और वित्तीय संस्थान का आभार व्यक्त कर रहे।

### 2 किलो गांजा के साथ आरोपी पकड़ाया




**बेमेतरा।** थाना परपोड़ी पुलिस ने एक किलो 980 ग्राम गांजा के साथ आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी मनीष वर्मा पिता रामबिलास वर्मा उम्र 26 साल पथरीखुर्द थाना परपोडी के विरूद्ध 20 (ख) नारकोटिक एक्ट के तहत कारवाई की गई है।पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि मनीष वर्मा निवासी पथर्रीखुर्द द्वारा अवैध रूप से बिक्री करने गांजा अपने घर में लाकर रखा हुआ है। सूचना के अधार पर थाना स्टाफ ने मौके पर पहुंचकर छापामार कार्रवाई की। जहां आरोपी के कब्जे से मादक पदार्थ गांजा 01 किलो 980 ग्राम जिसकी कीमत करीबन 29,000 रूपये है, को जब्त किया गया। उक्त कारवाई में थाना परपोडी प्रभारी उप निरीक्षक डिग्रीलाल सोना, सायबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक मयंक मिश्रा, प्रधान आरक्षक विनोद पात्रे, आरक्षक पुरूषोत्तम कुम्भकार, ओंकार, मुकेश पाल, रवि चंद्रवंशी, पीयुष सिंह, सौरभ सिंह, नुरेश वर्मा एवं अन्य स्टाफ शामिल रहे।

चेटवापुरी धाम पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री, बाबा अमर दास की समाधि पर टेका माथा

# छत्तीसगढ़ राज्य के विकास में सतनामी समाज का महत्वपूर्ण योगदान : भूपेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बेमेतरा प्रवास के दौरान सतनामी समाज के जिले में स्थित प्रमुख तीर्थ स्थल चेटवापुरी धाम पहुंचे, जहां उन्होंने बाबा गुरु घासीदास के ज्येष्ठ पुत्र बाबा अमर दास की समाधि पर पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद मांगा । चेटवापुरी धाम में मौजूद ग्रामवासियों ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को मुख्यमंत्री कार्यकाल में चेटवापुरी धाम पहुंच मार्ग में 29 करोड़ रुपए के लागत से बन रहे उच्च स्तरीय पुल निर्माण स्वीकृति व ग्राम विकास के लिए स्वीकृत किए गए दो करोड़ रुपए जिसे ग्राम में सीमेंटीकरण सड़क निर्माण किया जा रहा है, के लिए भी आभार व्यक्त किया।

इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार सतनामी समाज के साथ बलौदाबाजार घटना के नाम से अत्याचार कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश की भाजपा सरकार किसी भी जाति धर्म के लोगों को आपस में सद्भावना के साथ नहीं रहने देना चाहती। यह भाजपा सरकार आपस में लड़ा कर अपना राज कायम रखना चाहती है, जबकि सतनामी समाज का छत्तीसगढ़ राज्य के विकास में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। सतनामी समाज सत्य पर विश्वास रखता है और उसी के अनुसार आचरण करता है। ऐसे में यह भाजपा सरकार इसे बर्दाश्त नहीं कर पा रही है और तरह-तरह के हथकंडे अपना कर लोगों को परेशान करने का कार्य कर रही है। राज्य में कानून नाम की कोई चीज नहीं रह गई है प्रदेश की भाजपा सरकार से प्रदेश संभाल नहीं जा रहा है। राज्य की सरकार रिमोट कंट्रोल सरकार बनकर रह गई है, जो दिल्ली से कंट्रोल हो रही है।

### कांग्रेस के कार्यकाल में नहीं थी राशि की कमी : छाबड़ा



पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा भी कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने भी ग्राम वासियों की ओर से पूर्व मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। श्री छाबड़ा ने कहा कि चेटवापुरी के विकास के लिए पूर्व मुख्यमंत्री श्री बघेल के कार्यकाल में किसी भी प्रकार से राशि की कमी नहीं होने दी गई। आज चेटवावा ग्राम में पहुंच मार्ग सुलभ बन जाने से न केवल बेरलावासियों को रायपुर बिलासपुर जाने में आसानी हो रही है, बल्कि बाबा अमर दास के दर्शन करने के लिए हजारों लोग प्रतिदिन इस मार्ग से आना-जाना कर रहे हैं। इस अवसर पर हर्षिता स्वामी बघेल विधायक डोंगरगढ़, राजमहंत सोनवानी, विजय बघेल, अवनीश राघव, विद्या देवी चतुर्वेदी सरपंच ग्राम पंचायत चेटवा, चीनी चतुर्वेदी, गिरीश देवांगन, रामनारायण सोनवानी, मनोज गायकवाड़, चंद्रशेखर सोनवानी, देवेंद्र सोनवानी सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

# सड़क की गुणवत्ता पर ग्रामीणों ने उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

■ ग्राम पिपरोलडीह बारगांव-मुड़पार-सुंगेरा मार्ग चौड़ीकरण में स्तरहीन सामग्री के उपयोग का आरोप

लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत रोड एण्ड इंफ्रास्ट्रक्चर डेव्हलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा करोड़ों रुपए के स्वीकृत कार्य पर जिले के ग्राम पिपरोलडीह बारगांव (मटिया) मुड़पार-सुंगेरा मार्ग का चौड़ीकरण एवं उन्नतिकरण में विभाग की अनदेखी के कारण लापरवाही व स्तरहीन मटेरियल के उपयोग व गुणवत्ताहीन निर्माण होने की बात ग्रामीण कह रहे हैं। ग्रामीणों ने विभाग के अधिकारियों से समय रहते ध्यान देने की मांग करते हुए कहा कि अभी ध्यान नहीं दिया गया, तो सड़क भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाएगी। गौरतलब हो कि इस सड़क मार्ग की 10.125 किलोमीटर की लंबाई है, जिनकी प्रशासकीय स्वीकृति राशि 2830.11 लाख है जिसे 12 नवम्बर 2021 स्वीकृत हुआ था। सड़क निर्माण के ▶▶|शेष पेज 11 पर



### दिखवाता हूं

मामले को दिखवाता हूं। अनियमितता पाई गई, तो विभागीय कार्रवाई की जाएगी।
-ईई निर्मल सिंह।

### ग्रामीणों ने लगाया खानापूर्ति का आरोप

मिली जानकारी के अनुसार निविदा दर 8.70% एसओआर से कम पुल व सड़क दर अनुसूची 01 जनवरी 2015 को हुआ। वहीं, अनुबंध की राशि 2397.82 लाख की है। इसके बावजूद सड़क पर धुल युक्त व नियम एवं मापदंडों को दरकिनार कर खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि अधिकारी व संबंधित इंजीनियर की गैर-मौजूदगी पर मजदूरों के भरोसे कार्य किया जा रहा है। इस सड़क की अनुबंध क्रमांक व कार्यादेश की तिथि 147 डीएल वर्ष 2022-23 के 20 अक्टूबर 2022 है। वहीं, कार्य पूर्णता की संभावित तिथि 19 नवम्बर 2023 को है, लेकिन अभी तक कार्य में तेजी नजर नहीं आयी। साथ ही राहगीरों व क्षेत्र के ग्रामीणों जनों को काफी परेशानियों को झेलना पड़ रहा है। इस संबंध में ग्रामीण रविन्द्र भास्कर चौबे ने बताया कि सड़क किनारे स्तरहीन मटेरियल की उपयोग कर ठेकेदार द्वारा खानापूर्ति की जा रही है।

# सुरहोली-देवादा मार्ग पर मुर्गियों की बीट गिरने से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

ब्लॉक बेरला अंचल के ग्राम पंचायत सुरहोली में स्थित स्काई लार्क पोल्ट्री फार्म से बीट ले जाने का काम चल रहा था। गाड़ी में ओवर लोड भर देने से गाड़ी से सड़क पर बिट के गिरने पर ग्रामीणों एवं राहगीरों को परेशानी उठानी रही है। ग्रामीणों का कहना है कि आए दिन पोल्ट्री फार्म से जुड़ी कई समस्या को लेकर पोल्ट्री फार्म की मनमानी का शिकार आस-पास के ग्रामीण के लिए समस्या बन गया है। सुरहोली से देवादा मार्ग पर स्थित पोल्ट्री फार्म के कारण आसपास के ग्रामीणों का जीवन दूभर हो गया है।



इसके अलावा पोल्ट्री फार्म दर्जनों एकड़ में फैला हुआ है। इससे निकलने वाली बदबू आस पास के क्षेत्र में प्रदूषण फैल रहा है। जिससे प्रभावित क्षेत्र के रूप में ग्राम आनंदगांव, सुरहोली, खुडमुडा, अकोली, भरदा, कुसमी, बहेरा आदि गांव तक प्रदूषण व बदबू फैले हुए है। इससे न केवल ग्रामीणों को असुविधा हो रही है, बल्कि स्वास्थ्य समस्याओं का भी खतरा बढ़ गया है। ग्रामीणों ने इस समस्या को लेकर कई बार प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से संपर्क किया गया। साथ ही बेरला एसडीएम पिंकी मनहर को ज्ञापन भी सौंपा गया था। ग्राम पंचायत सुरहोली सरपंच ओमप्रकाश साहू ने बताया कि पोल्ट्री फार्म से बिट को गाड़ियों से निकाल कर ले जाने का काम कर रहे थे। ओवर लोड बिट को भर देने से गाड़ी के अवशेष सड़क मार्ग में गिर गए। जिन्हें पोल्ट्री फार्म के प्रबंधक ▶▶|शेष पेज 11 पर

# महिला जागरुकता के संबंध में हुई प्रश्नोत्तरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश बृजेन्द्र कुमार शास्त्री व निधि शर्मा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की मौजूदगी पर नालसा के निर्देशानुसार कार्यस्थल में महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न के संबंध में कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त कार्यशाला में जिला न्यायालय में पदस्थ समस्त महिला न्यायाधीशगण, महिला कर्मचारी (तृतीय / चतुर्थ श्रेणी), प्रशासनिक विभाग के महिला अधिकारीगण, जिले के अधिवक्ता संघ के महिला अधिवक्तागण, महिला पैनल अधिवक्तागण एलएडीसीएस में पदस्थ महिला असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस कौंसिल, महिलाओं से संबंधित विभाग महिला सेल, सखी सेंटर, संरक्षण अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग में पदस्थ महिला अधिकारीगण, कर्मचारीगण, जिला न्यायालय में संचालित आंतरिक जांच कमेटी के सदस्यगण एवं प्राधिकरण में पदस्थ समस्त पैरालीगल वॉलिंटियर उपस्थित रहें। कार्यकम में विशिष्ट अतिथि नीलिमा सिंह बघेल, न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, बेमेतरा द्वारा संबोधन में कहा गया कि हाल के वर्षों में, लैंगिक समानता और महिला अधिकारों के बारे में वैश्विक चर्चा ने महत्वपूर्ण गति प्राप्त की है। इस चर्चा का एक महत्वूर्ण पहलू कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की पहचान और रोकथाम है। इस ज्वलंत मुद्दो को संबोधित करने की अनिवार्य आवश्यकता को पहचानते हुए ऐसी कार्यशालाओं का आयोजन किया जाना अति आवश्यक है। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों से उपस्थित अधिकारीगण द्वारा उक्त विषय पर संबोधन दिया गया। कार्यक्रम में उक्त विषय पर जागरूकता बढ़ायें जाने हेतु प्रश्नोत्तरी तैयार कर समस्त प्रतिभागियों से हल करवाया गया। साथ ही पीपीटी के माध्यम से भी प्रतिभागीयों को जागरूक किया गया। निधि शर्मा, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा व्यक्त किया गया कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, ने कार्यस्थल ▶▶|शेष पेज 11 पर




कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीडन के संबंध में हुई कार्यशाला

गायत्री परिवार बेमेतरा ने किया जिलास्तरीय बाल संस्कार शाला वार्षिक उत्सव का आयोजन

# 400 से अधिक बच्चों व युवाओं ने निकाली जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में गायत्री परिवार बेमेतरा द्वारा जिला स्तरीय बाल संस्कार शाला वार्षिक उत्सव एवं युवा दिवस समारोह ग्राम टेमरी में आयोजित किया गया। सुबह 400 से अधिक बच्चों एवं युवाओं द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। इसके माध्यम से लोगों को नशा न करने व युवाओं को सृजन के कार्यों में भागीदार बनने के लिए प्रेरित किया गया।

ग्राम सरपंच एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा धर्म ध्वजा फहराकर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। स्वागत उद्बोधन में मिलाप राम साहू ने बाल संस्कारशाला के उद्देश्यों को बताते हुए कहा कि संस्कार शाला में प्रत्येक रविवार दो घंटे बच्चों को निशुल्क योगासन, प्राणायाम, गीत, कहानी प्रेरक प्रसंग के माध्यम से बच्चों को स्वस्थ रहने एवं मानवीय गुणों को विकसित करने के लिए प्रेरित किया जाता है। खेलकूद अंतर्गत बच्चों के द्वारा मनोरंजन खेल बाल पासिंग, बाल गिराना,रिंग दौड़ संकली, प्रश्नोत्तरी दौड़,सुई धागा, चम्मच दौड़, कोन जमाओ एवं जलेबी खाओ आदि खेल खेले गए। संस्कार शाला के बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, नशा एक अभिशाप, खर्चीली शादी, योग डेमो, राउत नित्य एवं प्रेरणाप्रद गीतों का प्रदर्शन किया गया। जिसने सभी दर्शकों का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति अंजू बघेल ने कहा कि बच्चे गीली मिट्टी के समान होते हैं। उसे किसी भी रूप में ढाला जा सकता है। यह कार्य बाल संस्कारशाला के माध्यम से किया जा रहा है जो कि बहुत ही सराहनीय है। युवाओं को नशा से दूर रहकर अपने को स्वस्थ रखते हुए अपनी ऊर्जा को राष्ट्र निर्माण में लगाने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि स्वतंत्र साहू, डॉ जीवन साहू ने भी सम्बोधित किया।



### इन्होंने मारी बाजी

सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान क्रमशः धोबघट्टी, तिलाई कूड़ा, चिचोली रहे। युवा सम्मान 2025 नारी जागरण के लिए मोहनी साहू, युवा जागरुकता कार्यक्रम के लिए इंद्र कुमार वर्मा, दिलेश्वर साहू, कुलदीप वर्मा, बलराम साहू को प्रदान किया गया। मंच संचालन हंसराम साहू ने किया। राष्ट्रगान एवं हम बदलेंगे, युग बदलेगा, हम सुधरेंगे, युग सुधरेगा, भारत माता की जयघोष के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इस दौरान सरपंच शारदा साहू, अखिलेश यदु, लक्ष्मी नारायण साहू, कमोद ठाकुर, सुरेंद्र साहू, अश्वनी बघेल, रोहित साहू, रामजी साहू, भारती, उमेश्वरी, परमेश्वर यदु, रोहित साहू, अनिल वर्मा, राम जी साहू , गायत्रीसाहू, सुषमा यदु, उत्तम देवांगन, डॉ नरेंद्र साहू, भवानी प्रसाद साहू, हरबती साहू, आरती, भानुमति, दीपेश्वरी, टॉमिन, मोनिका साहू, प्रीति, प्रखर यदु आदि उपस्थित रहे।

एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज
छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
सीमित सीटे
उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स
➜ ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
➜ पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
➜ एक्स-रे टेक्निशियन
सरकारी नौकरी हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स
काउंसलर का मोबाईल नं.-7880102604
चिखली, पोस्ट-जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

# मरीजों को गर्मी में कूल रखने 40 एसी की जरूरत, एजेंसी तय नहीं, इसलिए खरीदी में लेटलतीफी

## आंबेडकर अस्पताल प्रबंधन जेम पोर्टल से पूरी करना चाह रहा खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

गर्मी के दिनों में मरीजों को कूल रखने आंबेडकर अस्पताल में 40 एसी की खरीदी की योजना दो महीने बाद भी पूरी नहीं हो पाई है। अस्पताल प्रबंधन द्वारा जेम पोर्टल की मदद से खरीदी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। दो महीने पहले स्वशासी समिति ने केजुअल्टी, सीटीवीएस विभाग और पेइंग वार्ड में एसी लगाने की सहमति दी थी।

जानकारी के अनुसार, आंबेडकर अस्पताल में कोविडकाल के बाद सीमित रूप से उपयोग हो रहे पेइंग वार्ड में इलाज कराने वाले मरीजों को सुविधा देने के लिए 26 एसी लगाने के निर्देश दिए गए थे। साथ ही इमरजेंसी एंड ट्रामा में आपात स्थिति में आने वाले मरीजों और चिकित्सकों की सुविधा के लिए पुराने एसी बदलने के लिए 9 एसी तथा कार्डियक सर्जरी विभाग की ओपीडी, वार्ड सहित अन्य स्थानों के लिए पांच एसी खरीदी करने के लिए सहमति दी गई थी। दो महीने से ज्यादा का समय बीतने के बाद भी इसकी खरीदी की प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई है।

अस्पताल प्रबंधन द्वारा खरीदी की प्रक्रिया जेम पोर्टल के माध्यम से करना चाह रही है, मगर इसके लिए अब तक सप्लायर एजेंसी तय नहीं हो पाई है। पेइंग वार्ड को छोड़ दिया जाए तो केजुअल्टी में लगे एसी काफी पुराने हो चुके हैं, जो आए दिन खराब हो जाते हैं। ठंड के मौसम में बिना एसी के इलाज चल जाता है, मगर गर्मी के दिनों में तकलीफ अधिक बढ़ जाती है।

■ केजुअल्टी, सीटीवीएस और पेइंग वार्डों में एसी लगाने मिली है स्वीकृति

### सुविधायुक्त एंबुलेंस खरीदी का इंतजार

आंबेडकर अस्पताल के लिए 2 एएलएस एंबुलेंस की खरीदी के लिए प्रक्रिया शुरू किए जाने का इंतजार किया जा रहा है। वर्तमान में अस्पताल में वेंटिलेटर सहित अन्य सुविधा वाली एंबुलेंस नहीं है, जिसकी वजह से कई बार अतिगंभीर मरीजों को अस्पताल से लाने ले जाने के लिए जोखिम उठाना पड़ता है। एंबुलेंस की खरीदी के लिए शासन से स्वीकृति मिलने का इंतजार किया जा रहा है।



### डीके अस्पताल दे रहा राहत

आंबेडकर अस्पताल के रेडियो डॉयग्नोसिस विभाग में जांच के लिए आने वाले मरीजों को डीके अस्पताल से राहत मिल रही है। अफसरों की सहमति के बाद यहां के मरीजों को जांच के लिए वहां भेजा जा रहा है। इससे मरीजों की जांच की वेटिंग कम होकर एक से दो दिन हो चुकी है। अस्पताल प्रबंधन द्वारा सीटी स्कैन और एमआरआई मशीन खरीदने के लिए प्रस्ताव बनाकर शासन को पहले ही भेजा जा चुका है।

## खबर संक्षेप



### प्लाईवुड फैक्ट्री में शार्ट सर्किट से आग

**रायपुर।** बिरगांव के रिहायशी इलाके में संचालित एक फ्लाईवुड फैक्ट्री में रविवार सुबह 9 बजे के करीब शार्ट सर्किट से आग लगने की वजह से हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। वहीं उरला पुलिस ने फैक्ट्री से सटे घरों को सुरक्षा की दृष्टि से खाली कराकर उन्हें सुरक्षित स्थान पर भेजा। बिरगांव में संचालित सिन्हा फर्नीचर के नाम से संचालित फैक्ट्री में आग लगने की घटना हुई। आग लगते ही प्लाई और फोम होने की वजह से आग तेजी से फैल गई। आसपास के लोगों ने फैक्ट्री के अंदर से धुआं उठते देखा तो फायर ब्रिगेड को कॉल कर घटना की जानकारी दी। सुबह रोड खाली होने की वजह से एक बड़ी घटना होने से बच गई।

### श्री भक्त गुहा निषाद जयंती व युवक-युवती परिचय सम्मेलन 16 को

**बालोद।** तहसील निषाद समाज बालोद द्वारा श्री भक्त गुहा निषाद जयंती एवं युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन 16 जनवरी को केंवट घाट सिवनी तांदुला तट बालोद में किया गया है।

इसके तहत समाज द्वारा कलश शोभायात्रा सुबह 10:30 बजे से रामघाट से केंवट घाट तक निकाली जाएगी। रामचरित मानस गान 11 बजे से 12 बजे तक श्री योग वेदांत मानस परिवार बालोद, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं युवक युवती परिचय सम्मेलन दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक अतिथि आगमन एवं छात्र छात्राओं का सम्मान दोपहर 2 बजे से 3 बजे तक व शेष कार्यक्रम 3 बजे से 4 बजे तक होगा। इस अवसर पर ग्राम तरौद निवासी चम्पेश्वर निषाद व ग्राम संबलपुर निवासी संतोषी का विवाह होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद कांकेर लोकसभा भोजराज नाग होंगे, अध्यक्षता अध्यक्ष जिला निषाद समाज बालोद राजेन्द्र निषाद करेंगे। अतिविशिष्ट अतिथि विधायक संगीता सिन्हा होंगी। विशेष अतिथि जिला अध्यक्ष भाजपा बालोद चेमन देशमुख, पूर्व अध्यक्ष बाल संरक्षण आयोग यशवंत जैन, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष बालोद राकेश यादव, सदस्य जिला पंचायत बालोद कृतिका सतानंद साहू, सरपंच ग्राम पंचायत निपानी दानेश्वर सिन्हा, सरपंच ग्राम पंचायत हीरापुर कुलेश्वरी ठाकुर उपस्थित रहेंगे।

### ग्राम बेलमाण्ड में मड़ई मेला 18 को

**बालोद।** ग्राम बेलमाण्ड में 18 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। कृष्णा ने बताया कि इस अवसर पर रात्रि में महतारी के आंसू छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी का कार्यक्रम रखा गया है।

### निधन

**रंजीत छापेंद्र**



**गुरूर।** ग्राम कनेरी निवासी रंजीत छापेंद्र 66 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।

### शहर से मोवा की तरफ जाने के लिए ओवरब्रिज, विधानसभा रूट से आने के लिए अंडरब्रिज

# 40 एमएम तक फिर उखाड़ रहे ओवरब्रिज की सड़क, अब मोवा रूट हफ्तेभर वनवे







हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

मोवा ओवरब्रिज का री-कंस्ट्रक्शन 3 से 6 जनवरी के बीच किया गया। इसके बाद लोक निर्माण के सेतु विभाग ने सड़क उखड़ने पर ट्रैफिक विभाग से सहमति लेकर ओवरब्रिज से आवाजाही को वनवे किया है। साथ ही जिस तरफ की नई डामर रोड उखड़ रही थी, उस तरफ से मिलिंग मशीन का उपयोग करते हुए 30 से 40 एमएम मोटी परत उखाड़ने के बाद एजेंसी फिर सड़क बनाने की तैयारी में है।इस सके चलते ओवरब्रिज पर करीब एक सप्ताह वनवे ही रहेगा।

रायपुर को बलौदाबाजार से जोड़ने वाले मोवा ओवरब्रिज से लोगों की आवाजाही एक बार फिर डायवर्ट रूट का हिस्सा बन गई है। 14 साल पुराने इस ओवरब्रिज का एक ही सप्ताह में दूसरी बार री-कंस्ट्रक्शन हो रहा है। इसके पहले एक महीने के लिए इस रूट को बंद कर प्रॉपर तरीके से री-कंस्ट्रक्शन करने की प्लानिंग में बदलाव करते हुए रात-दिन काम कर इस रूट को चार दिन में ही शुरू करा दिया गया। निर्माण के बाद सड़क उखड़ने से आवाजाही के लिए एक बार फिर से डायवर्ट रूट और वनवे रूट जोड़ा गया है। मोवा से आने वाले लोग अंडरब्रिज पर जाम से बचने मंडी के पास रेलवे फाटक पार कर शहर में एंट्री करने लगे हैं।

### अंडरब्रिज भी होगा वनवे

सोमवार से स्कूल बसों की आवाजाही के साथ ही ई-रिक्शा, आटो और छोटे-बड़े मालवाहकों की आवाजाही डायवर्ट रूट से ही शुरू होने वाली है। दलदल सिवनी, सड्डू, दुबे कॉलोनी, उरकुरा, बलौदाबाजार से आने वाले वाहनों का दबाव बढ़ेगा। हालांकि ओवरब्रिज को वनवे करने से इस रूट की दो दर्जन छोटी-बड़ी कॉलोनियों सहित आसपास के हजारों लोगों को भी अंडरब्रिज के रास्ते आने-जाने में परेशानी होने वाली है। हालांकि इसके लिए ट्रैफिक पुलिस ने पाइंट तय किया है।

### अंडरब्रिज-ओवरब्रिज वनवे

एक बार फिर से ओवरब्रिज की सड़क उखाड़ने का क्रम दोनों छोर से किया जा रहा है। 800 मीटर लंबे ओवरब्रिज का री-कंस्ट्रक्शन करने मार्ग को वनवे किया गया है। इससे शहर से विधानसभा की ओर जाने वाले वाहन चालकों को एंट्री दी जा रही है। वहीं दूसरे छोर यानी विधानसभा की तरफ से सिटी में प्रवेश करने के लिए मोवा अंडरब्रिज रूट को वनवे किया गया है। इस स्थिति को देखते हुए कार, भारी वाहनों को मंडी गेट के पास रेलवे फाटक से होते हुए आना-जाना पड़ रहा है। ट्रेनों की आवाजाही से लोगों का समय भी खराब हो रहा है।


### वर्किंग डे पर आज बढ़ेगा दबाव

वर्किंग डे के दौरान भी वनवे रूट का उपयोग करते हुए री-कंट्रक्शन होगा। इससे मोवा, सड्डू, दुबे कॉलोनी, विधानसभा जाने वाले वाहनों का दबाव बढ़ेगा। मोवा ओवरब्रिज पर वाहनों का दबाव ज्यादा होता है। इससे ओवरब्रिज की सड़क ज्यादा खराब होती है। एक बार फिर उखड़ी सड़क को क्लीन करने एक्सपर्ट के मार्गदर्शन में एजेंसी ने काम शुरू किया है। विभागीय सूत्रों ने बताया कि इस काम को पूरा करने में 3 से 5 दिन लगेंगे। इसके पहले सड़क की परत उखाड़ने और नए सिरे से डामरीकरण के बाद भी सड़क की बजरी गिट्टी उखड़ रही थी।

### आंकड़ा 10 हजार तक भी नहीं पहुंचा

# आयुष्मान की तरह वय वंदना कार्ड में भी बुजुर्गों की दिलचस्पी कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




■ जानकारी के अभाव में कार्ड बनवाने नहीं जा रहे वृद्ध

आयुष्मान योजना की तरह 70 साल से अधिक आयु वाले वय वंदना कार्ड बनवाने में भी दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं। रायपुर जिले में करीब 89 हजार लोगों के कार्ड बनाने हैं, मगर आंकड़ा दस हजार तक भी नहीं पहुंचा है। इस कार्ड के धारकों को व्यक्तिगत रूप से पांच लाख रुपए तक उपचार की सुविधा मिलेगी।

इस योजना के पूर्व राशनकार्ड हितग्राहियों को श्रेणी के अनुसार से 50 हजार से पांच लाख रुपए तक का निशुल्क उपचार का लाभ मिलता है। 70 साल से अधिक आयु वालों को पांच लाख रुपए तक के उपचार का व्यक्तिगत लाभ देने के लिए वय वंदना योजना कार्ड की योजना लाई गई थी। रायपुर जिले में आचार संहिता की वजह से इसे बनाने की शुरुआत काफी देर से हुई। जिले में 88850 लोगों को कार्ड बनाने के लिए चिन्हित किया गया था, मगर योजना में लोगों की कम दिलचस्पी की वजह से कार्डधारकों की संख्या दस हजार तक नहीं पहुंच पाई है। सूत्रों का कहना है कि वय वंदना योजना के तहत कार्ड बनाने की सुविधा केवल आधारकार्ड के आधार पर दी जा रही है। चलने-फिरने में असमर्थ लोगों के आधारकार्ड के आधार पर रिश्तेदार अस्पताल जाकर वय वंदना कार्ड बनवा सकते हैं।

### सबके लिए कार्ड

इसे लेकर लोगों में कंफ्यूजन है कि आयुष्मान कार्डधारी को यह सुविधा नहीं मिलेगी। सीएमएचओ डॉ. मिथिलेश चौधरी ने बताया कि 70 साल से अधिक आयु वाले सभी लोगों के लिए यह कार्ड बनाया जा रहा है। इस योजना के तहत हितग्राही को व्यक्तिगत रूप से उपचार का लाभ मिलेगा, इसे किसी अन्य से साझा नहीं किया जा सकता।

### एनीकट निर्माण के लिए 2.77 करोड़ स्वीकृत

**रायपुर।** राज्य शासन ने बस्तर जिले के कोटगढ़ नाला पर ग्राम पखनाकोंगेरा में मौलीमाता के पास एनीकट निर्माण कार्य के लिए दो करोड़ 77 लाख नौ हजार रुपए स्वीकृत किए हैं। जल संसाधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन से एनीकट निर्माण कार्य कराने मुख्य अभियंता महानदी परियोजना जल संसाधन विभाग रायपुर को प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है।

## पत्नी की हत्या कर अंतिम संस्कार की तैयारी, पुलिस ने चिता से लाश उतारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



■ आरंग थाना क्षेत्र की घटना, आरोपी गिरफ्तार

चरित्र शंका के चलते पत्नी की हत्या कर लोगों को गुमराह करने के बाद अंतिम संस्कार करने की तैयारी कर रहे पति को आरंग पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जिस आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसने अपने गांववालों को तथा मृतका के मायके वालों को शौच करने जाते समय बेहोश होकर गिरने से मौत होने की झूठी कहानी बताई थी। दशोदा साहू की हत्या के आरोप में पुलिस ने शेखर साहू के गिरफ्तार किया है। शेखर के खिलाफ मृतका के भाई रूपेश ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। रूपेश ने पुलिस को बताया कि उसकी बहन ने उन्हें बताया था, उसका पति उसके चरित्र को लेकर संदेह करता है और उसके साथ मारपीट करता है। पिछले सप्ताह 6 जनवरी को दशोदा मोबाइल पर अपनी मां के साथ बात कर रही थी। शेखर को लगा कि उसकी पत्नी किसी गैर मर्द के साथ बात कर रही है। इस बात को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ। गुस्से में आकर शेखर ने अपनी पत्नी की रस्सी से गला घोंटकर हत्या कर दी।

*अस्पताल ले जाने का बहाना कर वापस लौटा : रूपेश ने पुलिस को बताया कि दशोदा की हत्या करने के बाद शेखर ने अपने परिजनों के साथ गांववालों को गुमराह करने कहा कि उसकी पत्नी शौच करने जाते समय बेहोश होकर गिर गई, जिसे वह उपचार कराने रायपुर ले जा रहा है। शेखर ने घटना की जानकारी अपने ससुराल वालों को नहीं दी। घटना की जानकारी मिलने पर ससुराल वाले शेखर के यहां पहुंचे तो शेखर अपनी पत्नी की लाश अंतिम संस्कार करने श्मशानघाट ले गया था और चिता में लिटाकर दाह संस्कार की तैयारी कर रहा था। इस दौरान रूपेश ने पुलिस को घटना की सूचना दी और अपनी बहन का अंतिम संस्कार रुकवाकर लाश पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाई।*

### राजधानी में सौंदर्यीकरण...




**रायपुर।** राजधानी में सौंदर्यीकरण के तहत तमाम निर्माण और विकास कार्य कराए जा रहे हैं। कहीं दीवारों पर पेंटिंग तो कहीं आकर्षक मूर्तियां स्थापित की जा रही हैं। इसी कड़ी में खालसा स्कूल के सामने चौक पर वनभैंसे की प्रतिमा का निर्माण किया जा रहा है।

राज्य शासन ने जारी किया आदेश

## सुब्रत को सहकारिता का अतिरिक्त प्रभार मौर्य को एमडी हस्तशिल्प बोर्ड का जिम्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



■ जगदीश एस. को उनके वर्तमान कर्तव्यों के साथ प्रोजेक्ट डायरेक्टर चिराग परियोजना का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया

भारतीय प्रशासनिक सेवा के छह अफसरों को उनके मौजूदा प्रभार के साथ कुछ विभागों के अतिरिक्त प्रभार सौंपे गए हैं। सुब्रत साहू अपर मुख्य सचिव को सहकारिता विभाग के एसीएस का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। जयप्रकाश मौर्य को हस्तशिल्प विकास बोर्ड के प्रबंध संचालक का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

राज्य शासन ने इस संबंध में 12 जनवरी को आदेश जारी किया है। श्री मौर्य को प्रबंध संचालक हस्तशिल्प बोर्ड का प्रभार मिलने के साथ ही यशवंत कुमार इस बोर्ड के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त होंगे। इसी क्रम में आर. एक्का को विशेष सचिव नगरीय प्रशासन एवं विकास के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त करते हुए संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। रजत बंसल को उनके वर्तमान दायित्व के साथ-साथ सुशासन एवं अभिसरण विभाग का अतिरिक्त प्रभार दिया गया। कुंदन कुमार संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास तथा अतिरिक्त प्रभार आयुक्त गृह निर्माण मंडल को आयुक्त गृह निर्माण मंडल के पद पर पदस्थ करते हुए सीईओ रायपुर विकास प्राधिकरण का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। जगदीश एस. को उनके वर्तमान कर्तव्यों के साथ प्रोजेक्ट डायरेक्टर चिराग परियोजना का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। पूर्व में यह प्रभार रवि मित्तल आयुक्त जनसंपर्क तथा अतिरिक्त प्रभार सीईओ संवाद के पास अतिरिक्त प्रभार के रूप में था। अब श्री मित्तल प्रोजेक्ट डायरेक्टर चिराग परियोजना के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त होंगे।

## राजपत्रित अधिकारियों की मांग- प्रदेश में एक राज्य-एक भर्ती नियम करें लागू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ राजपत्रित अधिकारियों की समस्याओं पर अधिकारी संघ की आमसभा

छत्तीसगढ़ प्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ ने प्रदेश में एक राज्य-एक भर्ती नियम प्रणाली को लागू करने की मांग की है। आईएएस कैडर में एलायड सर्विस से 15 प्रतिशत अधिकारियों को पदोन्नति सहित कई मांगों पर पत्र व्यवहार करने का निर्णय लिया गया है। संघ की आमसभा में राजपत्रित अधिकारियों की समस्याओं के निराकरण के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। प्रदेश अध्यक्ष कमल वर्मा की अध्यक्षता में राजपत्रित अधिकारियों एवं सभी शासकीय कर्मचारियों सहित पेंशनरों को भी स्वास्थ्य सुविधा के लिए राज्य के मान्यता प्राप्त चिकित्सालयों से कैशलेस इलाज की सुविधा प्रदान करने संबंधी चर्चा की गई। वहीं पूर्व मुख्य सचिव एसके मिश्रा की अध्यक्षता में गठित राज्य प्रशासनिक सुधार आयोग और वेतन विसंगति एवं अन्य मुद्दों के लिए गठित पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक करने को लेकर चर्चा की गई। केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप आईएएस अवार्ड के लिए एलायड सर्विसेस के अधिकारियों को पदोन्नति का अवसर देने, राजपत्रित अधिकारियों का गोपनीय प्रतिवेदन, अचल संपत्ति विवरण ऑनलाइन करने की मांग की गई है, ताकि समय पर पदोन्नति एवं समयमान-वेतनमान का लाभ मिल सके।

*विभागीय सेटअप पुनरीक्षित करने की मांग : छत्तीसगढ़ प्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ के प्रवक्ता बालमुकुंद तम्बोली ने बताया कि बैठक में राज्य सरकार द्वारा समस्त विभागों के संभागीय कार्यालय स्थापित करने, राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को अन्य प्रशासनिक विभागों में प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ नहीं करते हुए उन्हें सामान्य प्रशासन विभाग अथवा राजस्व विभाग में ही पदस्थ करने, मंत्रालय की तरह समस्त विभागों के विभागीय सेटअप को पुनरीक्षित करने के साथ ही बैकलॉग एवं सेवानिवृत्त से रिक्त पदों की भर्ती तत्काल किए जाने की मांग की है। राज्य स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक नियमित रूप से आयोजित करने के लिए पत्राचार करने का निर्णय लिया गया।*

## आरक्षण में ओबीसी के साथ अन्याय कांग्रेसियों ने सीएम का पुतला फूंका

**रायपुर।** भाजपा द्वारा पिछड़ा वर्ग को आरक्षण में वंचित करने का विरोध प्रदर्शन करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष उधोराम वर्मा के नेतृत्व में रविवार को तिल्दा में कांग्रेसजनों ने गुरु घासीदास चौक पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का पुतला दहन किया गया।

इस मौके पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री वर्मा ने कहा कि पूरे प्रदेश में 52 प्रतिशत आबादी पिछड़ा वर्ग की है, पिछले जिला पंचायत चुनाव में 7 जिला पंचायतों में पिछड़ा वर्ग को आरक्षण मिला था, अभी 37 जिला पंचायत होने के बावजूद एक भी जिला पंचायत अध्यक्ष को पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित नहीं किया गया। यह 52 प्रतिशत बहुसंख्यक पिछड़ों का अपमान है,



संविधान प्रदत्त अधिकार का हनन है, ये पिछड़ों के साथ सरासर अन्याय है, अपमान है। इनकी निंदा करते हुए विरोध प्रदर्शन सभी ब्लॉकों में किया जाएगा।

### ये रहे शामिल

पुतला दहन करने वालों में शैलेश नितिन त्रिवेदी, पूर्व सांसद छाया वर्मा, वरिष्ठ नेता दिनेश यद्दु, राम गिडलानी, देवदास टंडन, घनश्याम वर्मा, सुनील सोनी, राहुल तेजवानी, नीरज राठी, गजानंद वर्मा, मोती हिंदुजा, अजितेश शर्मा आदि शामिल रहे।

## निकाय चुनाव को लेकर मंथन, मूणत बोले रायपुर में महापौर भी भाजपा का बनाना है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



रायपुर जिला भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में रविवार को रायपुर पश्चिम विधानसभा की आवश्यक बैठक विधायक राजेश मूणत की अध्यक्षता में हुई। बैठक में रायपुर शहर जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर समेत भाजपा के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

इस दौरान नगरीय निकाय चुनाव की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। श्री मूणत ने कहा, आगामी दिनों में नगरीय निकाय चुनाव होने हैं और हमें सभी 20 वार्डों में अपने प्रत्याशी जितवाने के लिए भरसक परिश्रम करना है। इस बार महापौर का चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से होगा और रायपुर नगर निगम महापौर पद आरक्षण में महिला सामान्य घोषित हुआ है।

हमें पार्षदों के साथ-साथ रायपुर महापौर भी भाजपा का बनाना है।

श्री मूणत ने कहा, विपक्ष में रहते हुए भाजपा ने कांग्रेस की भ्रष्टाचारी सरकार को उखाड़ने के लिए हर मोर्चे पर लड़ाई लड़ी है। उन्होंने कहा, विधानसभा चुनाव में 40 हजार से अधिक मतों से विजय हासिल की गई और लोकसभा चुनाव में दोगुनी लीड प्राप्त की गई। अब नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा को अपना प्रदर्शन दोहराना है। जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर ने कहा, हम सभी एक-दूसरे से चिरपरिचित हैं और हमारा ध्येय एक ही है, सत्ता और संगठन के मध्य समन्वय स्थापित करना।

## खबर संक्षेप

### लापता बालक को खोज निकाला साइबर प्रहरी ने

**भिलाई।** घर से लापता हुए बालक को पुलिस ने साइबर प्रहरी की मदद से खोज निकाला है। आमजनो को सायबर फ्रॉर्ड को लेकर पुलिस लगातार जागरुक कर रही है। साइबर प्रहरी वाट्सएप ग्रुप भी बनाया गया है। थाना वैशाली नगर से एक मंदबुद्धी बालक देव कुमार जो अपना घर का रास्ता भटक कर क्षेत्र में घुम रहा था। जिसे राहगीरों ने वैशाली नगर पुलिस थाना पहुंचाया। बालक मंदबुद्धी होने की वजह से अपने परिजनो और घर के बारे में कुछ बता नही पा रहा था। मंदबुद्धी बालक देवकुमार के घर परिजनो की जानकारी के लिए बालक की फोटो साइबर प्रहरी ग्रुप में पोष्ट कर परिजनो की जानकारी जुटाई गई। साइबर प्रहरी वाट्सएप ग्रुप के माध्यम से बालक के परिवार को लोग ग्राम अकालोडीह कुंजु दुकान के पास के रहने वाले है। जिस पर थाना भिलाई नगर से सम्पर्क कर परिजनो को बालक के बारे में सूचना दी गई। परिजन वैशाली नगर थाने आने पर मंदबुद्धी बालक देवकुमार को उनके परिजनो के हवाले किया गया।

### आइलाज का संविधान बचाओ सम्मेलन 18 को

**भिलाई।** ऑल इंडिया लायर्स एसोसिएशन फॉर जस्टिस (आइलाज)और ऑल इंडिया पीपुल्स फोरम (एआईपीएफ) छत्तीसगढ़ द्वारा संविधान और गणतंत्र की 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर 18 जनवरी को दोपहर 2.30 बजे सेक्टर 6 सड़क दो परिसर में संविधान बचाओ - गणतंत्र बचाओ" जन अभियान के तहत राज्य स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। आईलाज के बृजेंद्र तिवारी ने बताया कि सम्मेलन का विषये संविधान की चुनौतियां हैं। लोगों से उपस्थिति की अपील की है।

### मेंटेनेंस के लिए टाउनशिप में आज से बिजली बाधित रहेगी

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएँ विभाग के अन्तर्गत टाउन इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा वार्षिक रखरखाव योजना के तहत टाउनशिप में विद्युतीय मेंटेनेंस एवं अनुरक्षण व रखरखवा के लिए टाउनशिप के विभिन्न स्थानों में योजनाबद्ध शटडाउन किया जाएगा। यह कार्य प्रतिदिन योजनानुसार पूर्ण किये जाते हैं। इस कार्य के तहत टाउनषिप में 13 जनवरी से 18 जनवरी के मध्य विभिन्न स्थानों में विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी। प्रभावित होने वाले क्षेत्र हैः- 13 जनवरी को जेएलएन हॉस्पिटल, 14 जनवरी सेक्टर-7 व 8 का आधा हिस्सा, 15 जनवरी को सेक्टर-5 व इंदिरा प्लेस, 16 जनवरी को सेक्टर-6 का एक तिहाई हिस्सा, सेक्टर-2 का आधा हिस्सा व सेक्टर-1, 17 जनवरी को सेक्टर-07 का आधा हिस्सा, 32 बंगला तथा 18 जनवरी सेक्टर-6 का एक तिहाई हिस्सा। इन क्षेत्रों में सुबह 10 बजे से 1.30 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

### स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीण लाभान्वित

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग और सेक्टर-9 चिकित्सालय के तत्वाधान में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत ग्राम कोड़िया में निःषुल्क चिकित्सा षिविर का आयोजन किया गया। ग्राम कोड़िया में आयोजित चिकित्सा शिविर में 96 लोगों की जांच करके उनको दवाई वितरण किया गया, जिसमें 50 पुरूष, 40 महिला तथा 6 बच्चे शामिल थे। शिविर में सामान्य जांच, शुगर, बीपी जांच के अतिरिक्त निःशुल्क दवाएं भी प्रदान की गई। इस शिविर में सेक्टर-9 चिकित्सालय से डां. रौनक दास, डॉ एम सरस्वती एवं सुदेश बाबर, फार्मासिस्ट सुषन जेकब व प्रभा सैमुअल आदि उपस्थित थे।

### नब्बे घंटे काम करने से स्वास्थ्य पर पड़ेगा असर

**भिलाई।** ऑल इंडिया सेन्ट्रल काउंसिल ट्रेड यूनियंस एक्टू छत्तीसगढ़ ने लार्सन एंड टूब्रो के चेयरमैन एसएन सुब्रमण्यन के इस बयान की निंदा की है कि कर्मचारियों को सप्ताह में 90 घंटे काम करना चाहिए और 8 घंटे का कार्यदिवस तथा 48 घंटे के कार्यदिवस को सख्ती से लागू करने की मांग की है। एटक न सीटू ने भी बयान को उद्योगपतिपरस्तश्रमिक विरोधी बताया है।


# मैत्रीबाग में विलुप्तप्राय ईमू बर्ड का नहीं बढ़ रहा कुनबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

मैत्रीबाग के चंद विदेशी वन्य प्राणियों में आकर्षक ईमू बर्ड के कुनबे को बढ़ाना चिड़ियाघर प्रबंधन के लिए चुनौती बना हुआ है। दुर्लभ प्रजाति के आस्ट्रेलियन पक्षी ईमू का एक ही जोड़ा है। कई बार अंडे देने के बाद अब तक चूजे नहीं निकलने से उम्रराज ईमू का परिवार नहीं बढ़ रहा है।

मैत्रीबाग चिड़ियाघर में गिनती के विदेशी प्रजाति के वन्य प्राणी बचे हैं। इनमें विलुप्तप्राय प्रजाति का ईमू बर्ड प्रमुख है। जू में एक नर व एक मादा ईमू ही है। इनकी आयु करीबन 11 वर्ष है । पिछले दिनों ईमू ने अंडे दिए थे। लेकिन अंडों को सेने के बाद भी अब तक इनमें से बच्चे नहीं निकले हैं। इसके पूर्व भी अंडे खराब हो चुके हैं। ईमू औसत आयु होने के साथ उम्रदराज हो रहा है। यदि जल्द ही बाहर से से इस प्रजाति के के न्य ईमू नहीं लाए गए तो दोनों पक्षियों के चल बसने के बाद कैज खाली हो जाएगा। उल्लेखनीय है कि तीन फीट लंबे कद का आस्ट्रेलियन ईम आकर्षक और विलुप्तप्राय प्रजाति का है। इसे नंदन कानन जू से यहां लाया गया था।

## आस्ट्रेलियन पक्षी है पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र, कई बार दे चुका है अंडे





### पेलिकान का भी नहीं बढ़ा परिवार

मैत्रीबाग में ईमू बर्ड की तरह आकर्षक पेलिकान बर्ड का भी कुनबा नहीं बढ़ रहा है। ग्रे पेलिकान परिवार में 14 सदस्य हैं। पिछले कुछ साल के दौरान पेलिकान भी कई बार अंडे दे चुके हैं लेकिन इनमें से बच्चे नहीं निकल पाए। कुछ बार अंडे खराब हो गए तो कुछ बार इनके पोखर (मोढ़) के पानी में गिर गए। पेलिकान बर्ड भी विलुप्तप्राय प्रजाति के हैं। यह पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बने रहते हैं।

## सीटू ने की जल्द चुनाव की मांग, तीसरे सप्ताह चुनाव प्रक्रिया का आश्वासन

# यूनियन मान्यता चुनाव के लिए बीएसपी प्रबंधन पर बढ़ रहा दबाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

चार महीने पूर्व 23 सितंबर 2024 को बीएसपी में पिछली मान्यता यूनियन का कार्यकाल समाप्त होने के त तत्काल बाद 24 सितंबर को सीटू ने पत्र देकर चुनाव करने की मांग की है। बाद भिलाई की दो और यूनियनों ने भी मान्यता चुनाव के लिए पत्र दिया है। सीटू का प्रतिनिधिमंडल औद्योगिक संबंध विभाग से मुलाकात कर चुनाव को लेकर हो रहे तैयारी पर चर्चा किया। यूनियन के विजय कुमार जांगड़े, जगन्नाथ प्रसाद त्रिवेदी, संतोष कुमार पणिकर, अशोक खातरकर केवेंद्र सुंदर, एसपी डे डीवीएस रेड्डी उपस्थित थे तथा प्रबंधन की ओर से महाप्रबंधक जे एन ठाकुर विकास चंद्रा रोहित हरित उपस्थित थे।

सीटू ने बताया कि 4 वर्षों से राजहरा में चुनाव प्रस्तावित है। पिछले दिनों प्रबंधन की ओर से सभी यूनियनों को पत्र देकर कहा गया है कि 10 दिसंबर तक यूनियन चुनाव हेतु अपनी सहमति पत्र देते हुए वर्तमान वार्षिक विवरण एवं यूनियन के विधान की छाया प्रति को जमा करें। अधिकांश यूनियनों ने इन दस्तावेजों को जमा कर दिया है । अब प्रबंधन राजहरा की चुनाव प्रक्रिया को आगे बढ़ा दिया है । जनवरी 2025 में ही उप मुख्य श्रम आयुक्त केंद्रीय के साथ बातचीत करने के बाद चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी

## विलंब पर जताया असंतोष, तीन यूनियनें कर चुकी हैं मांग



### तीसरे सप्ताह से शुरू होगी चुनावी गतिविधियां

चर्चा के दौरान सीटू प्रतिनिधि मंडल के द्वारा पूछे जाने पर महाप्रबंधक जेएन ठाकुर ने बताया कि भिलाई में भी आवश्यक तैयारियां की जा रही है। जनवरी के तीसरे सप्ताह में चुनाव के संदर्भ में गतिविधियां शुरू हो जाएगी एवं प्रबंधन भी जल्द से जल्द चुनाव करवाने के पक्ष में है।प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि मान्यता यूनियन के साथ वैधानिक समितियां कर्मियों के प्रतिनिधित्व के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

### आएगी मजबूती

यूनियन नेताओं ने कहा कि मान्यता कार्यकाल खत्म हो जाने के बाद भी सुरक्षा समितियां अगले मान्यता चुनाव तक कार्य करते रहती हैं, लेकिन नियमानुसार यह समितियां मान्यता चुनाव के बाद प्रथम स्थान हासिल किए यूनियन यानी मान्यता यूनियन के साथ बनाई जाए तो ज्यादा मजबूती एवं सक्षमता से काम कर सकेंगे। इसलिए मान्यता चुनाव का समय पर होना बहुत जरूरी है अन्यथा कर्मियों के पक्ष में काम करने वाले बहुत सी समितियां कर्मियों के बीच से गायब हो जाएगी, जो कि कर्मियों एवं संयंत्र के हित में नहीं है।

# प्रबंधन की नीतियों से छोटे ठेकेदार हो जाएंगे अपात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेल स्टील प्लांट कांट्रेक्टर एसोसिएशन की बैठक इंडियन काफी हाउस भिलाई निवास में अध्यक्ष केए अब्दुल कादर की अध्यक्षता में हुई। बीएसपी से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया और प्रबंधन से तत्काल समाधान की मांग की गई। एसोसिएशन द्वारा मांगों को लेकर बीएसपी प्रबंधन से मिलने का निर्णय लिया गया।



- सेल स्टील प्लांट कांट्रेक्टर एसोसिएशन की बैठक मे प्रबंधन से गुहार

बैठक में सदस्यों ने कहा कि पिछले कुछ माह से बीएसपी द्वारा सभी छोटे कार्यादेश को समाप्त कर एक बड़े कार्यादेश में तब्दील करने की प्रक्रिया चल रही है। बीएसपी ने अपने हर विभाग में कार्य करने के लिए विभिन्न श्रेणी के ठेकेदार का पंजीयन किया है, जिससे कई वर्षों से कार्य कर रहे छोटे ठेकेदार अपात्र होने के कारण कार्य से वंचित हो जाएँगे। जीवनयापन मुश्किल हो जाएगा। सदस्यों ने प्रबधन से अपील की कि अपने फैसले पर पुनर्विचार करने की अपील की गई। मांग की कि आवश्यकता अनुसार हर कार्य समय पर करने वाले ठेकेदारों का ध्यान रखते हुए श्रेणी के अनुरूप ठेकेदारों को काम दिया जाए। सदस्यों ने कहा कि सुरक्षा विभाग द्वारा सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इस जांच के दौरान श्रमिकों की फोटो खींचकर ठेकेदार पर मनमाना अर्थदंड बिना किसी सूचना के लगाया जा रहा है। इसकी जानकारी ठेकेदार को वित्त विभाग द्वारा की जा रही सीधी कटौती से मिल रही है।

### पुनर्विचार व अर्थदंड कम करें

एसोसिएशन ने अर्थदंड को कम करने की मांग की है। बैठक में 500 ठेकदार पंजीकृत है, प्रबंधन उन्हें कार्य नहीं दे पा रहा है लेकिन नए पंजीयन निरंतर चल रही है जो समझ से परे है। बैठक में अध्यक्ष केए अब्दुल कादर ने कहा कि इन सारी समस्याओं के समाधान और कांट्रेक्टर से जुड़े मुद्दों पर चर्चा के लिए उच्च अधिकारियों के साथ बैठक की जाएगी। बैठक में विभिन्न कंपनियों के ठेकेदार उपस्थित थे।

## सुपेला पुलिस ने की कार्रवाई

# लिफ्ट लगाने के नाम पर 25 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

लिफ्ट लगाने के नाम पर ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने धारा 406 के तहत जुर्म दर्ज किया है। सुपेला टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि स्कोन एलिवेटर डायरेक्टर विजय सिंह ने 3 लिप्ट लगाने के लिए 25 लाख से अधिक रुपए का सौदा नेहरू नगर पश्चिम निवासी संजय कुमार अग्रवाल से किया था। लेकिन पैसे मिलने के बाद भी विजय सिंह ने काम नहीं किया। जिसकी शिकायत सुपेला पुलिस थाने में की गई बै। संजय अग्रवाल अपने मकान लिफ्ट लगवा रहा है। जिसके लिए उन्होंने स्कोन एलिवेटर कंपनी के डायरेक्टर विजय सिंह से बात हुई। दोनों के बीच तीन लिफ्ट लगाने का एग्रीमेंट भी हुआ। उन्होंने पूरा पैसा भी ले लिया।




- स्कोन एलिवेटर डायरेक्टर के खिलाफ हुई
- रुपए लेने के बाद भी काम नहीं किया गया

मकान में लिफ्ट लगाने का काम आधा अधूरा छोड़ दिया। पैसा मांगने पर विजय सिंह रुपए भी नहीं लौटा रहा है बल्कि ना काम शुरू कर रहा है। पुलिस ने जांच में पाया कि नेहरू नगर स्थित निर्मित भवन में 2/3, 2/5 की लिफ्ट लगाने के लिए स्कोन एलिवेटर के डायरेक्टर विजय सिंह से एग्रीमेंट हुआ। पहला अनुबंध 7 अगस्त 2023 को हुआ। तब विजय ने 5 लाख 25 हजार 100 रुपए एडवांस लिया। दूसरा एग्रीमेंट 10 सितंबर 2023 को हुआ। तब 9.90 लाख रुपए लिए। तीसरा अनुबंध 8 फरवरी 2024 को हुआ। इसके लिए 7.27 लाख रुपए लिए गए। पुलिस ने जांच में पाया कि विजय सिंह ने तीनों लिफ्ट के एग्रीमेंट के अनुसार पैसे लिए। बावजूद भी उसने काम नहीं किया।

## सेल स्थापना दिवस पर पैदल चाल पंजीयन शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेल के स्थापना दिवस 24 जनवरी को स 8 बजे से जयंती स्टेडियम, इंदिरा प्लेस में 5 किमी पैदल चाल/दौड़ का आयोजन किया जा रहा है जिसके लिए 12 जनवरी से पंजीयन प्रारंभ हो गया है। प्रतियोगिता में महिला एवं पुरुष वर्ग के श्रेणी अ में कक्षा छठवीं तक के बच्चे, श्रेणी ब में कक्षा सातवीं से बारहवीं तक के बच्चे, श्रेणी स में बारहवीं से ऊपर 45 वर्ष तक के, श्रेणी द में 46 वर्ष से 60 वर्ष तक तथा श्रेणी उ में पूर्व कर्मचारी (सेवानिवृत्त) भाग ले सकते हैं। सभी सेल इकाइयों में सर्वश्रेष्ठ समय देने वाले एक धावक और धाविका को 5000 रूपये नगद पुरस्कार तथा सभी सेल इकाइयों में सर्वश्रेष्ठ समय देने वाले 6वीं कक्षा तक के छात्र एवं छात्रा को 3000 रूपये नगद पुरस्कार दिया जाएगा। प्रतियोगिता में सेल कर्मचारी एवं उनके परिवार के सदस्य तथा सेल द्वारा संचालित शिक्षण संस्थाएं भाग ले सकती हैं।

10 बजे से दोपहर 1 बजे तक एवं संध्या 4 बजे से 6 बजे तक जयंती स्टेडियम में पंजीकरण किया जाएगा। पंजीकरण के समय समस्त कर्मचारियों को अपना परिचय पत्र साथ लाना होगा।

# भिलाई संयंत्र के सभी सर्कुलर हिंदी में हों जारी

**भिलाई।** बीएसपी वर्कर्स यूनियन ने भिलाई इस्पात संयंत्र में जारी होने वाले सभी सर्कुलर हिंदी में भी जारी किए जाने की मांग की है। ऐसा नहीं होने से कर्मियों को परेशानी हो रही है। सीजीएम ने आश्वस्त किया है। यूनियन के प्रतिनधिमंडल नेमुख्य महाप्रबंधक एचआर संदीप माथुर को ज्ञापन में कहा कि संयंत्र हिंदी भाषी क्षेत्र में स्थित है । ज्यादातर कर्मचारी हिंदी बोलते हैं और हिंदी आसानी से समझते हैं साथ ही अग्रजी भाषा के साथ उतने अपने आप को जोड़ नहीं पाते हैं । इसके बाद भी सर्कुलर का हिंदी में जारी नहीं किया जाना दुर्भाग्य जनक है । जबकि लाखों रुपए सालाना खर्च कर हिंदी भाषा को बढ़ावा देने के लिए हिंदी सेल काम कर रहा है , बावजूद इसके हिंदी में सर्कुलर जारी करने के बजाय केवल औचारिकता निभाया जाता रहा है। केवल सर्कुलर के अंत में इसे सक्षम अधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है। बीडब्ल्यूयू के अध्यक्ष उज्जवल दत्ता ने कहा कि सर्कुलर के हिंदी में जारी नहीं होने का खामियाजा संयंत्र कर्मियों को भुगतना पड़ रहा है। ऐसा ही एक सर्कुलर 2023 में केवल अंग्रेजी भाषा में जारी किया गया था जिसमें कर्मियों को अपने ऊपर आश्रितों का डिक्लेरेशन देना था।

## पेज 9 के शेष...

### फ्लावर शो प्रतियोगिता ...

थे, अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष शकुंतला साहू ने की। विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक अवधेश चंदेल रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद विजय बघेल ने कहा कि ऐसे आयोजनों से शहर को हरा-भरा रखने की जन-जागृति आती है। सामान्यतया ऐसे आयोजन बड़े शहरों में किये जाते है परंतु बेमेतरा जैसे छोटे शहर में यह आयोजन होना स्वतः में बहुत बड़ी बात है। विधायक दीपेश साहू ने कहा कि यह आयोजन निरंतर बेमेतरावासियों को प्रकृति से जुड़ने के साथ साथ जागरुक कर रहा है, जो प्रशंसनीय है। पूर्व न.पा.अध्यक्ष विजय सिन्हा ने कहा कि ऐसे आयोजन होने से हम सब में प्रकृति के प्रति झुकाव बनता है। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता संदीप भंडारकर ने पर्यावरण से संबंधित जानकारियाँ दी एवं इस कार्य की सराहना की। डा. तोषण ठाकुर वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केंद्र बेमेतरा ने कहा कि ऐसे आयोजन शहर एवं लोगों को प्रकृति को सहेजने की प्रेरणा देते हैं। प्रकृति, फूल, वनस्पति, जीव, जंतु, पशु, पक्षी की जैव विविधता को बनाए रखने एवं मनुष्यों के सहज विविधता के भाव को समझने में सक्षम होते हैं। पुलिस अधिक्षक रामकृष्ण साहू ने कहा कि इस आयोजन के पश्चात उनका योगदान यह रहेगा कि विभाग वृक्षारोपण कार्य में जागरुक रहे और जिले में प्राकृतिक सुंदरता लाने में सहभागी बने । **आयोजन बेमेतरा को नई पहचान दे रहा : आशीष-** प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि यह कार्यक्रम बेमेतरा को नई पहचान दे रहा है। उन्होंने कहा कि हर घर में कुछ स्थान पेड़-पौधों के लिए सुनिश्चित किया जाना चाहिए ताकि हमें इन पौधों से स्वस्थ हवा मिल सके। नगर पालिका अध्यक्ष शकुंतला साहू ने बहुत ही अनोखा ओर प्रेरणादायक आयोजन कहते हुए प्रशंसा की। पूर्व विधायक अवधेश चंदेल ने कहा कि एक पेड़ काटने पर दस पेड़ लगाए जाने चाहिये एवं आयोजन स्थल पर मौजूद औषधीय पौधों की समझ रखने वाले की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए आयोजन को निरंतर बनाए रखने का आग्रह किए । **शहर को प्रदूषण मुक्त व हरा-भरा रखने का प्रयास-** प्रतियोगिता के आयोजकों में रश्मि ताम्रकार, भाग्यश्री पोल, रानी रवानी, सुशील शर्मा, मनीष पटेल ने बताया कि दो दिवसीय फ्लॉवर शो एवं प्रतियोगिता का निःशुल्क आयोजन किया गया। आयोजकों ने कहा कि इस प्रतियोगिता व फ्लावर शो का मुख्य उद्देश्य हर व्यक्ति को पेड़-पौधों की जानकारी हो एवं सभी प्रकृति के करीब रहकर पर्यावरण सुरक्षा हेतु अपना योगदान दें। बेमेतरा शहर हरा- भरा एवं प्रदूषण मुक्त हो। इस कार्यक्रम के निर्णायक में डॉ. एकता ताम्रकार, डॉ. कुंती बंजारे, डॉ. हेमलता निराला, डॉ. साक्षी बजाज, डॉ. प्रतिभा सिंह, प्रो. टुपेंद्र वर्मा रहे।

### सड़क की गुणवत्ता...

लिए करोड़ों रुपये की राशि स्वीकृत होने के बाद भी स्तरहीन मटेरियल का उपयोग किया जाने से आम जनों में नाराजगी है। जानकारों का कहना है कि सड़क किनारे साइड शोल्डर पर गट्टू ईंट स्वरूप सीमेंट डस्ट से बना टुकड़ों में तब्दील होते नजर आ रहे है। साथ ही टुकड़ों टुकड़ों का उपयोग कर सड़क किनारे व्यवस्था के रूप में डालने का काम किया जा रहा है। इस सड़क मार्ग पर पुल पुलिया के कार्य स्लैब पुलिया 25 नग है, का भी निर्माण किया जाना है। निर्माण कार्य की कार्यप्रणाली पर प्रत्यक्षदर्शियों व ग्रामीण सवालियां निशान खड़ा कर रहे हैं।

### सुरहोली-देवादा मार्ग...

विजय कुंडू को सूचना देते हुए सफाई कराने के लिए कहा गया। इस संबंध में स्काईलार्क पोल्ट्री फार्म प्राइवेट लिमिटेड सुरहोली के प्रबंधक विजय कुंडू ने बताया कि सुरहोली से देवादा जाने वाला मार्ग जर्जर होने के कारण गाड़ी से बिट गिर गया। उसकी तत्काल सफाई करवा दी गई।

### महिला जागरुकता...

पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध, और निवारण) अधिनियम, 2013 पर कानूनी जागरूकता शिविर और प्रशिक्षण कार्यशालाओं के संचालन के लिए यह व्यापक मॉड्यूल तैयार किया गया है। सचिव के द्वारा सभी का आभार प्रदर्शन करते हुए समस्त प्रतिभागीयों से व्यापक प्रचार प्रसार करने को निर्देशित किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रुति साहू, व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी द्वारा किया गया।

## बिजनेस साइट

# बेमेतरा में आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी क्लीनिक का शुभारंभ

**बेमेतरा।** अंचलवासियों के लिए एक दिवसीय निःशुल्क कान, नाक, गला चिकित्सा शिविरबेमेतरा जिले के नागरिकों के लिए खुशखबरी! शहर में आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी क्लीनिक का शुभारंभ हो चुका है जहां अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं और अनुभवी डॉक्टरों की टीम के साथ अंचलवासियों को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए तैयार है।इसी कड़ी में दिनांक 15 जनवरी सुबह 10.30 से 1.30 बजे दोपहर तक निःशुल्क कान नाक गला रोग जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया है, जहां अंचल के सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ नमन पिंचा अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे।शिविर में कान, नाक और गले से संबंधित बीमारियां जैसे कान में बार-बार आवाज सुनाई देना, कान में दर्द होना, कान में ध्वनि नहीं सुनाई देना, कान की संतुलन प्रणाली की बीमारी। कान में बैक्टीरिया या वायरस का संक्रमण। नाक की साइनस में संक्रमण,नाक में गांठें होना, नाक में बैक्टीरिया या वायरस का संक्रमण, नाक में एलर्जी के कारण होने वाली समस्या, गले में टॉन्सिल संक्रमण, गले में संक्रमण, स्वरयंत्र में संक्रमण। जैसी बीमारियों का उपचार एवं परामर्श दिया जाएगा। आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी क्लीनिक में विभिन्न चिकित्सा विशेषज्ञताओं के डॉक्टर अपनी सेवाएं देंगे। जिसमे जल्द ही अंचल के सुप्रसिद्ध मूत्र ,पथरी एवम प्रोस्टेट रोग विशेषज्ञ डा. नवीन राम दारुका, सुप्रसिद्ध किडनी रोग विशेषज्ञ डा.आर के साहू,दिल्ली के प्रख्यात मस्तिष्क, नस एवम स्पाइन रोग विशेषज्ञ डा.कुलदीप सिंह, (महीने के चौथे रविवार) नाक कान गला रोग विशेषज्ञ डा.नमन पींचा (प्रत्येक बुधवार) निः संतानता एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रैनी अग्रवाल (महीने के प्रथम एवं तृतीय शनिवार) एवम चर्म , नाखून, बाल एवम गुप्त रोग विशेषज्ञ को सेवाएं दे रहे हैं। डॉ. मयूर राठी डेंटल केयर के बाजूनया बस स्टैंड के सामने, बेमेतरा मेडिकोज में आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी क्लीनिक के शुभारंभ की खबर से बेमेतरा के लोगों में उत्साह है।



Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप



## नीरा बाई के पक्के मकान का सपना हुआ साकार

**डौंडीलोहारा।** नगर पंचायत डौंडीलोहारा के वार्ड क्रमांक 05 में कई वर्षों से कच्चे घर में निवासरत महिला नीरा बाई भांडेकर का घर अब प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी अंतर्गत पक्का बन कर तैयार हो चुका है। उन्होंने बताया कि कच्चे घर में उन्हें अपना जीवनयापन करने में बहुत सारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। बारिश के दिनों में मिट्टी के घर में रहने में बहुत कठिनाई होती थी। भारत सरकार और राज्य शासन की इस अतिकल्याणकारी योजना ने उनके पक्के मकान में जीवनयापन करने का अवसर प्रदान किया है। उन्होंने इस योजना की सराहना करते हुए भारत सरकार और राज्य सरकार के प्रति अपनी कृतज्ञता जाहिर की है।

## डौंडीलोहारा में देव मड़ई पर हुए विविध कार्यक्रम

**डौंडीलोहारा।** सोमवार को डौंडीलोहारा में देव मड़ई का आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर नगर व आसपास के गांवों में रात्रि मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम व नाचा कार्यक्रम का आयोजन रखा गया था जिसमें डौंडीलोहारा में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम रंग सरोवर बारूका गरियाबंद, ग्राम भालुकोन्हा में अमर ज्योति नाच पार्टी कुल्हारदो मोहला, ग्राम बटेरा में ओनवा रवेली नाच पार्टी गरियाबंद, ग्राम भेड़ी में तुलसी के पूजा नाच पार्टी कचांदुर, ग्राम अण्डी में महतारी के आंसू नाच पार्टी संसारगढ़, ग्राम कसही में ज्ञान के पूजा नाच पार्टी मडगरी महाराष्ट्र, ग्राम उरेटा में प्रेम सुमन नाच पार्टी बेंदाडी छुरिया, ग्राम माडियाकट्टा में मोर गंवाई गंगा नाच पार्टी परसाही, ग्राम जाटादाह में दूरें बंजारी नाच पार्टी महाराष्ट्र का रंगारंग आयोजन हुआ। आज मंगलवार को ग्राम बगईकोन्हा में खोड़वा कुबरा नाच पार्टी ग्राम सुवरबोड़ का आयोजन किया गया है।

## विवेकानंद स्कूल में प्रतिभावान छात्रों का किया गया सम्मान

**डौडीलोहारा।** वनांचल ग्राम रेंगाडबरी के विवेकानंद पब्लिक स्कूल में एक्टिविटी का आयोजन किया गया। इसके साथ ही बच्चों को पुरस्कार भी वितरण किया गया।



प्रथम दिवस विभिन्न प्रकार के ज्ञानवर्धक खेल एवं द्वितीय दिवस पुरस्कार वितरण किया गया। वहीं, विगत शैक्षणिक सत्र 2023-24 में अपनी कक्षा में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में हेम कुमार रावटे जनपद सदस्य, थानसिंग रावटे, कुशल दास मानिकपुरी, घनश्याम रावटे, लखनलाल गोटे, जयेश जैन, डार्मेंद्र कुमार साहू, नरेंद्र साहू, लता साहू, यमुना सिन्हा, टिनू देशमुख, संकेत साहू, भेषनारायण साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

पर्व : जिला मुख्यालय सहित अंचल में सोमवार को पारंपरिक रूप से मनाया गया छेरछेरा पर्व

# गलियों में दिनभर गूंजता रहा छेरिक छेरा छेर छेरा, लोगों ने प्रसन्न मन से दिया दान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

पूस पुन्नी के पर्व पर शहर सहित अंचल में जहां एक तरफ बच्चों द्वारा छेरछेरा माई कोठी की धान ल हेर हेरा उद्घोष के साथ घर घर दान लेने के लिए पहुंचे वहीं दूसरी तरफ श्रद्धालुओं ने छेरछेरा पुन्नी के पर्व पर पर नदियों व तालाबों में पुण्य स्नान करके भगवान महादेव की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। हिन्दू पंचांग के अनुसार पौष माह के पूर्णिमा तिथि को यह पर्व धूमधाम के साथ मनाया जाता है। तदनुसार 13 जनवरी सोमवार को यह पर्व पूरे जिले में मनाया गया। छत्तीसगढ़ की संस्कृति में अनेकों ऐसी विशेषताये है जो उसे देश में सबसे विशिष्ट बनाती है। उनमें से एक पर्व छेरछेरा भी है, जिसे खरीफ की नई फसल (धान अरहर आदि) के खलिहान से घर आ जाने के बाद मनाया जाता है। बच्चे घर-घर जाकर छेरछेरा माई कोठी के धान ल हेर हेरा कहते हुए अन्न का दान माँगते हैं।सुबह से ही बच्चे, हाथ में टोकरी, बोरी आदि लेकर घर-घर अन्न का दान मांगने पहुंचते हैं। वहीं, लोग भी प्रसन्नता के साथ सभी को दान करते हैं। किसान अपने खेत में उपजाई गई फसल में से सभी को धान का दान करते हैं। वहीं, शहरी क्षेत्रों में लोग नकद रकम के अलावा, चॉकलेट, आदि अन्य खाने-पीने की चीजें बच्चों को दान करते हैं। बच्चों के साथ ही बड़े भी टोली बनाकर घर-घर छेरछेरा मांगने पहुंचते हैं। घरों में नए चावल के आटे से चीला, चौसेला,फरा , दूधफरा सहित अनेक प्रकार के छत्तीसगढ़ी व्यंजन बनाए गए।



### मोहभट्ठा में ढोल-मंजीरा बजाते निकले युवा

छत्तीसगढ़ के पारंपरिक त्यौहार छेरछेरा के अवसर पर शहर के मोहभट्ठा वार्ड नंबर 06 में ढोलक, मंजीरा के साथ नाचते गाते हुए छेरछेरा मांगा गया। इस टीम में संजय मिर्झा, रमेश ध्रुव, दाऊ ठाकुर, शंकर वर्मा, रमेश वर्मा, राज वर्मा, राजा वर्मा ,धैर्य वर्मा ,तिलक देवांगन, पप्पू निषाद, राधे निषाद, वसंत मिर्झा, अजय, रोहित निषाद, कान्हा निषाद, खोमन रजक, नमन वर्मा, चंदन वर्मा, पंकज वर्मा, टिकेश्वर वर्मा, अमन वर्मा शामिल रहे।

## बाजे-गाजे के साथ छेरछेरा मांगने पहुंची टोलियां

**बेरला।** अंचल सहित में लोक तिहार छेरछेरा पौष पूर्णिमा धूमधाम से मनाया गया। सुबह-सुबह बच्चे घर-घर जाकर छेरछेरा मांगते नजर आये। साथ ही सभी अपने अपने हाथों में टोकरी, बोरी, थैला आदि लेकर घर-घर छेरछेरा मांगते गए। इसी के चलते सभी लोग टोलियां बना कर छेरछेरा छेरछेरा माई कोठी धान ला हेर हेरा कहते हुए घरों घर पहुंचा। वही इस छेरछेरा माघ पूर्णिमा में उत्साहित होकर लोग बढ़ चढ़कर धान व अन्न दान किया गया। नई फसल के खुशी में मनाते है त्यौहार, फसल की कटाई और मिंजाई के बाद किसान के घर में धान की नई फसल की ढेरी लगी रहती है। ऐसे में गांव वाले फुर्सत में रहते है। उसके बाद पौष पूर्णिमा के अवसर पर छेरछेरा त्यौहार मनाया जाता है। इस लेकर ग्रामीणों में धूम रही। इस छेरछेरा में अंचल के गली-मोहल्ले, गांवों और कस्बों से लेकर शहर तक इस परंपरा की झलक देखने को मिला। इस पर्व में बच्चे टोली बनाकर सुबह से ही छेरछेरा के तौर पर घर-घर अन्न दान मांगने निकले। वही बच्चों के साथ बड़े भी खुशी-खुशी अन्न का दान मांगे। साथ ही कुछ लोग बाजे गाजे के साथ अन्नदान मांगने घर घर गए। शाम को जितना भी धान एकत्र हुआ, उसे जमा कर सामूहिक भोजन का आयोजन किया गया। एक तरह से पिकनिक जैसा माहौल गांव में बना।



## बीजागोड़ स्कूल के बच्चों ने गांव में मांगा छेरछेरा

**बेमेतरा।** छ्तीसगढ़ के लोक पारम्परिक त्यौहार छेरेछेरा, शासकीय प्राथमिक शाला बीजागोड़ विकासखण्ड साजा में बड़े ही हर्षोल्लास और पारम्परिक ढंग से मनाया गया। विद्यालय के छोटे बच्चे गाँव के तमाम घरों में छेरी के छेरा, छेरछेरा, माई कोठी के धान ल हेरहेरा पारम्परिक लोकगीत गाकर अन्न माँगते नजर आये। शाला नवाचारी शिक्षिका चंदा सिन्हा ने बताया कि किसान अपनी फसलों को काट और मिंजाई कर नया अन्न अपने घरों में भंडारण कर चुके होते हैं। यह पर्व दान देने का पर्व है।किसान अपने खेतों में साल भर मेहनत करने के बाद अपनी मेहनत की कमाई दान देकर छेरछेरा तिहार मनाते हैं। यह त्यौहार पौष मास के पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि इस दिन कोई भी महिला किसी भी याचक को खाली हाथ नहीं जाने देती। अपनी क्षमतानुसार अन्न,धन दान जरूर करती है।



## छेरछेरा मांगने घर-घर पहुंची बच्चों की टोलियां

**बेमेतरा।** पौष पूर्णिमा और छेरछेरा पर्व पर सोमवार को बीटीआई कॉलोनी सहित सुबह से ही बच्चों की टोली पूरे शहर में छेरछेरा मांगने घर-घर पहुंची। शहर के कोबिया, बीचपारा, सिंघौरी, मोहभट्ठा, कृष्णा विहार, अशोक विहार कॉलोनी में टोलियों में नन्हे मुन्ने बच्चे पहुंचे। जहां अन्न दान किया। छोटे-छोटे बच्चे टोलियां बनाकर सुबह 6:00 बजे से ही घर-घर पहुंचने लगे। अन्न दान के बाद लोगों ने पैसा भी दिए। बच्चों की टोली घरों में छेरी क छेरा, माई कोठी के धान ल हेरी क हेरा, अरन दरन कोदो दरन, जभे देबे तभे टरन जैसे फेरी लगाकर छेर छेरा मांगते रहे। यह छत्तीसगढ़ का एक ऐसा त्यौहार है जिसमें लेने वाले और देने वाले दोनों खुश हो जाते हैं, और प्रसन्न होकर दान करते है। यह लोक पर्व किसान, अन्न और दान की परंपरा से जुड़ा हुआ है।छत्तीसगढ़ में छेरछेरा पर्व बड़े धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया जाता है। यह त्यौहार मुख्य रूप से दान और फसल उत्सव के रूप में जाना जाता है। पौष मास की पूर्णिमा को मनाए जाने वाले इस पर्व का खास महत्व है। इस दिन लोग अपने घरों में आई नई फसल को बांटकर समाज में समानता, दानशीलता और भाईचारे का संदेश देते हैं।





## भगवान श्री राम हमारे राष्ट्र नायक हैं : प्रज्ञा

### करंजिया नवागाँव में आयोजित नवधा रामायण में शामिल हुईं जिला पंचायत सदस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

ग्राम पंचायत करंजिया नवागाँव में ज़िला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने नवधा रामायण आयोजन में पहुँच कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीण महिलाओं के अनुरोध पर भजन सुनाया। उपस्थित श्रोताओं को संबोधित करते हुए कहा कि नवधा रामायण हमारी ग्रामीण पारंपरिक विरासत है। दीपावली के बाद से गावों में बढ़ चढ़ कर आयोजन और भोज के कार्यक्रम होते हैं। भगवान श्री राम की कथाओं का श्रवण पान करने गाँव में तीव्र उत्साह और उमंग रहता है। राम हमारे राष्ट्र नायक हैं और लोक जीवन में इस तरह शामिल हैं कि जब हम धान की तौलाई करते हैं, तो तौल के दौरान एक की जगह राम कहते हैं फिर दो और तीन कह आगे बढ़ते हैं।

बोल चाल की भाषा में बताते हैं कि ये मेरी राम कहानी है। छत्तीसगढ़ की बेटी माता कौशल्या के लाल राम को हम सब भांजा मानकर अपने भांजे भांजियों के चरण छूकर आशीर्वाद लेते हैं। राम हमारे जीवन का आदि भी हैं और अंत भी। नवधा पाठ कर्ता बीरमपुर निवासी पंडित लाला प्रसाद मिश्रा ने ज़िला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी को सुंदर भजन के लिए प्रशंसा करते हुए आशीर्वाद दिया। इस दौरान खोमेश साहू, जीवन यदु, मौली वर्मा, गुलाल साहू, थानू राम साहू, चेला राम साहू, राम नाथ साहू, रोहित साहू, अंजू साहू, पार्वती साहू सहित अनेक महिलाओं ने शाल व श्रीफल भेंट कर ज़िला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी का अभिनंदन किया।


## जीवन में समय का प्रबंध ऐसा करें कि आप हर कार्य में अपनी भागीदारी दे सकें : भूपेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

■ 21 वें ज्ञानोदय उत्सव में शामिल हुए पूर्व मुख्यमंत्री

मां भद्रकाली शिक्षण समिति द्वारा संचालित ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल में 21वें वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। विद्यालय की प्राचार्या डॉ. अलका तिवारी ने अतिथियों व पालकों का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए कहा कि विद्यालय परिवार अपनी 21 वर्ष की यात्रा को सफलतापूर्वक पूर्ण करने की ओर अग्रसर है, जो विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत व शिक्षकों के समर्पण को दर्शाता है। विद्यालय की सबसे बड़ी उपलब्धि विगत 4 वर्षों से प्रदेश स्तर की बोर्ड परीक्षा में मेरिट लिस्ट में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करना बताया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल थे। उन्होंने वार्षिक उत्सव व युवा उत्सव की बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों को शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूत करें। जीवन में समय का प्रबंध ऐसा करें कि आप हर कार्य में अपनी भागीदारी दे सकें। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के संदेशों को जीवन में अपनाने तथा श्रद्धेय बाबा ए नागराज द्वारा बताए गए जीवन मूल्यों के अनुरूप जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू एवं छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के सदस्य डॉ. प्रवीण वर्मा थे। उन्होंने कहा कि वार्षिक उत्सव का आयोजन छात्र-छात्राओं के छिपी हुई प्रतिभाओं को पहचानने व व्यक्तित्व विकास के लिए किया जाता हैं, जिसमें नृत्य, संगीत व नाट्यकला शामिल हैं। जीवन में बड़ी सफलता प्राप्त करने के लिए असफलता को सकारात्मक भाव से स्वीकार करना अनिवार्य हैं। कार्यक्रम को पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा व समाधान महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ अवधेश पटेल ने भी संबोधित किया।




### प्रतिभाओं का किया गया सम्मान

कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल बोर्ड की 10 वीं परीक्षा में विद्यालय की छात्रा श्रेजल ध्रुवे द्वारा 9 वां स्थान अर्जित करने पर विद्यालय के प्रतीक चिन्ह व प्रोत्साहन राशि से अतिथियों ने सम्मानित किया। इसके साथ ही 10वीं व 12वीं के 90 प्रतिशत से अधिक प्रतिशत प्राप्त छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। इसी तरह विद्यालयीय स्तर पर आयोजित वार्षिक क्रीडा प्रतियोगिता में प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को भी प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे- कैसियो प्लेइंग, नृत्य, भजन, संगीत, कला व गिटार प्लेइंग पर प्रतिभा दिखाई। अतिथियों को विद्यालय के प्रतीक चिन्ह, शॉल व श्रीफल से सम्मानित किया गया। अंत में विद्यालय के डायरेक्टर अविनाश तिवारी ने कार्यक्रम के संपूर्ण होने पर बधाई दी व आभार प्रदर्शन किया। विद्यालय के 21वें में वार्षिक उत्सव बनाए जाने पर बधाई दी। कार्यक्रम में समिति सचिव दिनेश पटेल, नगर पालिका की अध्यक्ष शकुंतला साहू, समाधान महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक एवं जिले के गणमान्य नागरिक तथा अभिभावक व छात्र-छात्राओं सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## युवा राष्ट्र शक्ति है, जो समाज व राष्ट्र को समृद्धि एवं विकास की ओर ले जाती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवागढ़

स्वामी विवेकानंद विद्या मंदिर हायर सेकेण्डरी स्कूल नवागढ़ में स्वामी विवेकानंद जयंती व राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर विवेकानंद मेला एवं विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंजू बघेल सभापति जिला पंचायत बेमेतरा, अध्यक्षता मंजूलता रात्रे अध्यक्ष नगर पंचायत नवागढ़ एवं विशेष अतिथि सौरभ ताम्रकार, नवनीत सिंह खुराना, नीलेश जायसवाल ,सोम ठाकुर द्वारा स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं द्वीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि बघेल ने राष्ट्रीय युवा दिवस की बधाई देते हुए कहा कि युवा शक्ति राष्ट्र शक्ति है, जो समाज को राष्ट्र को समृद्धि एवं विकास की ओर ले जाता है साथ ही अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए सफलता के मार्ग को प्राप्त किया जा सकता है।जिस प्रकार एक विद्यार्थी का कर्तव्य है कि अच्छे से पढ़ाई कर अपने माता पिता ,विद्यालय,और समाज का नाम रोशन करते हुए उच्च प्रतिष्ठित पद पर काबिज हो और निरंतर प्रगति के मार्ग पर अग्रसर रहे। राष्ट्रीय युवा दिवस के इस अवसर पर विवेकानंद विद्यालय के छात्र छात्राओं के द्वारा नगर भ्रमण करके समस्त नगर वासियों को विवेकानंद के विचारों को जीवन में उतारने का संदेश देते हुए राष्ट्रीय युवा दिवस की बधाई दी। इस अवसर पर विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम नाटक, नृत्य,युवा संगोष्ठी एवम् व्यापारिक स्टॉल के साथ अभिभावकों के लिए विविध खेल व प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। साथ ही विद्यालय के शैक्षणिक सत्र 2023-24 में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी होनहार छात्र छात्राओं को मुख्य अतिथि के द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रमुख वीरेंद्र जायसवाल ने आए हुए अतिथियों का आभार प्रगट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त स्टॉफ,पालकगण,सहित सभी छात्र छात्राएं उपस्थित थे।







